## Hubbe के उपयोग संबंधी यह First 5 अल्मेडा काउंटी विवरण को अंतिम बार 24 फरवरी, 2025 को अद्यतन किया गया था।

**First 5 अल्मेडा काउंटी के विषय में**

First 5 अल्मेडा काउंटी एक राज्य-वित्त पोषित एजेंसी है जो प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा (ECE) क्वालिटी काउन्टस् सेंटरों और पारिवारिक बाल देखभाल गृहों के लिए प्रशिक्षण और गुणवत्ता सुधार सहायता प्रदान करती है, तथा अनुबंधित एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए निधि देती है।

हमारे कार्यक्रमों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने और राज्य रिपोर्टिंग का अनिवार्यतः अनुपालन करने के लिए, First 5 अल्मेडा काउंटी अनुबंधित एजेंसियों और कार्यक्रम प्रतिभागियों से डाटा एकत्र करता है। कुछ डाटा क्वालिटी काउंट्स कैलिफ़ोर्निया (QCC), जो First 5 कैलिफ़ोर्निया, कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन (CDE) और कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ सोशल सर्विसेज (CDSS) के बीच एक सहयोग है, और/या अन्य वार्षिक रिपोर्ट सबमिशन के लिए आवश्यक है, जैसा कि First 5 अल्मेडा काउंटी फंडिंग के अनुसरण में नियामक संस्थाओं द्वारा अपेक्षित है। First 5 अल्मेडा काउंटी भी एजेंसी संबंधी नीतियों और कार्यक्रम की योजना को सूचित करने के लिए एकत्र किए गए डाटा का उपयोग करती है।

First 5 अल्मेडा काउंटी एजेंसियों और कार्यक्रम प्रतिभागियों द्वारा दी गई व्यक्तिगत जानकारी और डाटा के संग्रहण और संरक्षण को गंभीरता से लेती है। व्यक्तिगत रूप से पहचान बताने वाली जानकारी लेते समय, हम प्रतिभागियों को डाटा संग्रह के उद्देश्य के बारे में सूचित करते हैं और केवल इस उद्देश्य के लिए प्रासंगिक व्यक्तिगत डाटा एकत्र करते हैं। हम व्यक्तिगत डाटा और जानकारी की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह गोपनीयता विवरण एजेंसियों और कार्यक्रम प्रतिभागियों को सूचित करता है कि First 5 अल्मेडा काउंटी डाटा और व्यक्तिगत जानकारी को कैसे स्टोर, एकत्र, साझा और संरक्षित करता है।

### A. डाटा और जानकारी को कैसे स्टोर किया जाता है

First 5 अल्मेडा काउंटी एकत्र की गई डाटा और जानकारी को निम्नलिखित प्रणालियों/प्लेटफार्मों में स्टोर करता है:

1. First 5 अल्मेडा का एज्योर (Azure) क्लाउड टेनेंट संचालित माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365- सुरक्षित दस्तावेज़ और डाटा प्राप्ति पहुँच और संग्रहण प्रदान करता है।
2. High 5 सेल्सफोर्स - क्लाउड-आधारित ग्राहक संबंध प्रबंधन (CRM) प्लेटफ़ॉर्म जो पूरे अनुबंध जीवन चक्र का प्रबंधन करता है। इसे गैर-लाभकारी संस्थाओं, सेवा प्रदाताओं, प्रारम्भिक बचपन संस्थाओं, संविदाकारों, आदि का वित्त पोषण करने करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म महत्वपूर्ण अनुबंध संबंधी डाटा, जिसमें बजट, परिणाम-आधारित जवाबदेही (RBA), अनुबंध, चालान और अन्य रिपोर्टिंग जानकारी सम्मिलित है, को स्टोर करता है।
3. निर्दिष्ट प्रारंभिक बचपन शिक्षा प्रदाताओं, सेंटरों और/या एजेंसियों के लिए Hubbe - वेब-आधारित गुणवत्ता रेटिंग और सुधार प्रणाली (QRIS) डाटा संग्रह और कार्यक्रम प्रबंधन प्रणाली।
4. AirTable - एक क्लाउड-आधारित टूल जिसका उपयोग मेशर सी (Measure C) अनुदानों के लिए आवेदन एकत्र करने के लिए किया जाता है।

### B. हमारे द्वारा संग्रहीत डाटा और जानकारी का हम किस प्रकार उपयोग करते हैं

First 5 अल्मेडा काउंटी निम्नलिखित रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए डाटा और जानकारी का उपयोग करता है:

1. *बाहरी/राज्य रिपोर्टिंग*
   a. कैलिफ़ोर्निया स्टेट प्रीस्कूल प्रोग्राम (CSPP) ब्लॉक ग्रांट, QCC क्वालिटी इम्प्रूवमेंट ग्रांट और इम्प्रूव एंड मैक्सिमाइज़ प्रोग्राम सो ऑल चिल्ड्रन थ्राइव (IMPACT) का सत्यापन, लेगसी प्रोग्राम अनुपालन।
   b. गुणवत्ता रेटिंग और सुधार प्रणाली (QRIS) की भागीदारी और साइट रेटिंग का सत्यापन; CDE, CDSS और First 5 कैलिफोर्निया निवेश(शों) का मूल्यांकन।
   c. राज्यपाल कार्यालय, CA वित्त विभाग, विधायी विश्लेषक कार्यालय, CA राज्य विधानमंडल, First 5 CA आयोग, क्षेत्रीय काउंटी भागीदारों, और/या राज्य द्वारा यथा चिन्हित अन्य हितधारकों को रिपोर्ट करना।

d. वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट के लिए यथा अपेक्षित First 5 कैलिफोर्निया को अनिवार्य रिपोर्टिंग करना।

2. *आंतरिक/First 5 अल्मेडा काउंटी रिपोर्टिंग*
   a. समग्र डाटा के रिपोर्ट और सारांश प्रकाशित करना जिनका उपयोग आधिकारिक एजेंसी रिपोर्टों और/या प्रकाशनों सहित First 5 अल्मेडा काउंटी कार्यक्रमों का वर्णन करने के लिए विशिष्ट तरीकों से किया जा सकता है।
   b. First 5 अल्मेडा काउंटी के पास उपलब्ध अन्य डाटा स्रोतों के साथ संयोजन में कार्यक्रम प्रभावशीलता का विश्लेषण करना।
   c. उम्र, वित्त पोषण स्ट्रीम, और सेटिंग के अनुसार काउंटी-व्यापी बाल देखभाल सब्सिडी उपयोग का पता लगाएं और विश्लेषण करें।
   d. काउंटी-व्यापी कवरेज के लिए मेशर सी वित्त पोषित कार्यक्रमों में पहुँच और प्रदाता भागीदारी के अवसरों की पहचान करें।

## C. हम किस प्रकार का डाटा और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं

एकत्र किए गए डाटा में पहला और अंतिम नाम, ईमेल पता, सड़क का पता, शहर, निवास या बाल देखभाल व्यवसाय का ज़िप कोड, फोन नंबर, संघीय कर्मचारी पहचान संख्या (FEIN), सामाजिक सुरक्षा संख्या, विक्रेता संख्या, बाल देखभाल सेवाओं के लिए भुगतान और/या धन का स्त्रोत, नस्ल/जातीयता, बोली जाने वाली भाषा(एं), आय स्तर, जन्म तिथि, आयु, लिंग, बच्चे(बच्चों) से संबंध, और बाल देखभाल सब्सिडी का उपयोग संबंधी विवरण शामिल हो सकते हैं।

बच्चों पर एकत्र किए गए डाटा में देखभाल में कुल बच्चों की संख्या, जन्म तिथि, आयु, लिंग, नाम, बोली जाने वाली भाषा(एं), नस्ल/जातीयता, व्यक्तिगत परिवार सेवा योजना (IFSP) वाले बच्चों की संख्या, व्यक्तिगत शिक्षा योजना (IEP) वाले बच्चों की संख्या, बेघर बच्चों की संख्या और पालक देखभाल में बच्चों की संख्या शामिल हो सकती है।

आमतौर पर एकत्र किए गए अन्य डाटा में, ECE साइट की जानकारी जैसे कि प्राप्त धन के प्रकार, कक्षा डाटा, शिक्षक / कर्मचारियों के नाम, निर्देश की भाषा(एं), कार्यबल रजिस्ट्री ID, शिक्षक मजदूरी, मुआवजा और लाइसेंसिंग डाटा, शामिल हो सकते हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

## D. हम डाटा और व्यक्तिगत जानकारी को किस प्रकार सुरक्षित रखते हैं

व्यक्तिगत जानकारी को अनधिकृत पहुंच और उपयोग से बचाने के लिए, First 5 अल्मेडा काउंटी कई तरह के सुरक्षा उपायों को लागू करता है। इन उपायों में डिजिटल सुरक्षा उपाय शामिल हैं, जैसे सुरक्षित क्लाउड सेवाएं और एन्क्रिप्टेड डाटा, तथा भौतिक सुरक्षा उपाय हैं, जैसे फाइलों और भवनों को सुरक्षित करना।

## E. हम किस प्रकार डाटा और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं

हम निम्नलिखित से डाटा और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं:

a. Hubbe
b. कार्यबल रजिस्ट्री
c. Sparkler ऐप
d. प्रोग्राम डाटा संग्रहण
e. High 5
f. First 5 वजीफा आवेदन
g. मेशर सी प्रदाता राहत अनुदान पोर्टल

h. अन्य सर्वेक्षण साधन

**F. हम डाटा और जानकारी को कैसे साझा करते हैं**

डाटा को First 5 कैलिफोर्निया, कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, और कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ सोशल सर्विसेज और/या अन्य निर्दिष्ट संस्थाओं के साथ अनिवार्य रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए साझा किया जा सकता है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

कानून या अदालत द्वारा डाटा के प्रकटीकरण की आवश्यकता होने पर भी, डाटा को साझा किया जा सकता है। एक सरकारी एजेंसी के रूप में, First 5 अल्मेडा काउंटी, कैलिफोर्निया पब्लिक रिकॉर्ड्स ऐक्ट के अध्यधीन है, और कुछ प्रदत्त (कार्यक्रम और समग्र) डाटा को सार्वजनिक रिकॉर्ड माना जा सकता है, और संघीय या राज्य कानून द्वारा अन्यथा संरक्षित नहीं होने पर, सार्वजनिक निरीक्षण और प्रतिलिपि बनाने के अधीन हो सकता है। इसी तरह, हम अपने कानूनी अधिकारों को स्थापित करने या उनका प्रयोग करने, या कानूनी दावों से बचाव करने के लिए सम्मन, तलाशी वारंट, न्यायिक कार्यवाही, अदालत के आदेश, कानूनी प्रक्रिया, या अन्य कानून प्रवर्तन उपायों के जवाब में डाटा साझा कर सकते हैं।

First 5 अल्मेडा काउंटी अनुबंधित बाहरी एजेंसियों के साथ भी साझेदारी करता है, जिनके पास आवश्यक कृत्यों के निष्पादन के लिए Hubbe तक सीमित पहुंच है। इन आवश्यक कृत्यों में कोचिंग और प्रशिक्षण के लिए संसाधन और रेफरल (R&R) एजेंसियां, आकलन के लिए वेस्टएड, और CSPP अनुबंधों, गुणवत्ता सुधार सेवाओं, रेटिंग और वित्त पोषण के लिए अल्मेडा काउंटी ऑफिस ऑफ एजुकेशन (ACOE) जैसी संस्थाएं सम्मिलित हैं।

कार्यक्रम मूल्यांकन और योजना के प्रयोजनों के लिए अन्य अनुबंधित सलाहकारों और मूल्यांकनकर्ताओं के अलावा, डाटा सत्यापन के प्रयोजनों के लिए डाटा को तीसरे पक्ष के साथ भी साझा किया जा सकता है, जैसे कि कैलिफोर्निया अर्ली केयर एंड एजुकेशन वर्कफोर्स रजिस्ट्री और अल्मेडा काउंटी वैकल्पिक भुगतान एजेंसियां। सिस्टम भागीदार सेवा वितरण के प्रयोजनों, जैसे कि व्यक्तियों को अनुदान और वजीफा का वितरण, के लिए First 5 अल्मेडा से डाटा प्राप्त कर सकते हैं।

## Hubbe के विषय में

First 5 अल्मेडा काउंटी का Hubbe इंक. (Hubbe) के साथ अनुबंध है जिसके अंतर्गत वह First 5 अल्मेडा काउंटी कार्यक्रमों और कुछ फंडिंग अवसरों में भाग लेने वाले नामित ECE साइटों और/या एजेंसियों (शिक्षकों) के लिए वेब-आधारित डाटा संग्रह और कार्यक्रम प्रबंधन प्रणाली प्रदान करेगा।

Hubbe के उपयोग पर First 5 अल्मेडा काउंटी विवरण में, Hubbe साइट के माध्यम से एकत्र किए गए व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य डाटा के संबंध में Hubbe के उपयोग से संबंधित First 5 की आवश्यकताओं को स्पष्ट किया गया है।
Hubbe के उपयोग और Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तों से संबंधित First 5 अल्मेडा काउंटी विवरण को साइन-इन स्क्रीनों या उपयुक्त स्थान पर लिंक के माध्यम से Hubbe एप्लिकेशनों के सभी उपयोगकर्ताओं को सुलभ कराया जाएगा।

**A. Hubbe का प्रयोजन**

Hubbe एक कार्यक्रम प्रबंधन और रिपोर्टिंग प्रणाली है जिसमें विविध प्रकार के प्रारंभिक शिक्षा हितधारकों के उपयोग के लिए डिज़ाइन की गई विशेषताएं हैं। इन हितधारकों में परिवार बाल देखभाल प्रदाता, ECE सेंटरों के कर्मचारी, वित्त-पोषक, मूल्यांकनकर्ता और व्यावसायिक विकास कोच शामिल हैं। Hubbe की कुछ विशेषताएं

केवल ECE साइटों और उनके अधिकृत कर्मचारियों ("शिक्षकों") के लिए तैयार की गई हैं और उपलब्ध हैं। First 5 अल्मेडा काउंटी के कर्मचारी और काउंटी अधिकृत उपयोगकर्ता Hubbe की अन्य विशेषताओं का उपयोग कर सकते हैं जो विशेष रूप से उनके उपयोग के लिए तैयार की गई हैं।

शिक्षकों के लिए Hubbe सुविधाओं का उद्देश्य रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाना, गुणवत्ता सुधार गतिविधियों में भाग लेना और उनके कार्यक्रमों के बारे में अद्यतन डाटा देना है, जैसे कि बच्चे/छात्र का नामांकन और जनसांख्यिकी डाटा, स्टाफ डाटा, लाइसेंस और शिक्षक तथा देखभाल करने वाले की एजेंसी, साइट और कक्षा की जानकारी पर अन्य कार्यक्रम डाटा। Hubbe First 5 अल्मेडा काउंटी के साथ अपने अनुबंध को पूरा करने के उद्देश्य से, और उसके अनुसरण में, Hubbe साइट के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य डाटा को एकत्र करता है और उसका उपयोग करता है। डाटा सबमिशन हेतु Hubbe के वर्कफ़्लो में First 5 अल्मेडा काउंटी को डाटा जमा करने से पहले शिक्षकों द्वारा एक प्रशासनिक समीक्षा शामिल है।

First 5 अल्मेडा काउंटी के Hubbe के उपयोग के प्रयोजनों के लिए, शिक्षकों में, नीचे वर्णित उद्देश्यों हेतु, डाटा दर्ज करने वाले निम्नलिखित समूह शामिल हो सकते हैं:

a. **काउंटी अधिकृत उपयोगकर्ता** First 5 अल्मेडा काउंटी कर्मचारी और एजेंसियों के कर्मचारी हैं, जो First 5 अल्मेडा काउंटी के साथ, विभिन्न प्रकार की सेवाओं (जैसे, कोचिंग, प्रशिक्षण, अभ्यास के समुदाय, रेटिंग, मूल्यांकन, वित्तीय प्रोत्साहन) को कार्यान्वित करने के लिए अनुबंधित हैं और भागीदार हैं। इसमें ECE क्वालिटी काउन्टस् (QC) सेंटर और परिवार बाल देखभाल गृह भी शामिल हैं। कुछ काउंटी अधिकृत उपयोगकर्ता, Hubbe में सामान्य डाटा फ़ाइल (CDF) विज़ार्ड का उपयोग करके अपनी वार्षिक डाटा रिपोर्टिंग प्रस्तुत करने के लिए QC साइटों को समर्थन देते हैं, जो क्वालिटी काउन्टस् कैलिफोर्निया (First 5 कैलिफोर्निया, कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग और कैलिफोर्निया सामाजिक सेवा विभाग के बीच एक सहयोग) द्वारा आवश्यक है।
b. **संसाधन और रेफरल एजेंसियां** (अल्मेडा काउंटी के 4C, बनानास् इंक., और हाइवली) निर्दिष्ट की गई QC साइटों को प्रदान की जा रही सेवाओं (जैसे, कोचिंग, तकनीकी सहायता, अभ्यास बैठकों का समुदाय) के बारे में डाटा दर्ज करती हैं और निर्दिष्ट की गई साइटों की जानकारी (जैसे, संपर्क जानकारी, कर्मचारियों के नाम और पदस्थिति, सेवा की आयु, रेटिंग और आकलन) तक पहुँच रखती हैं।
c. **वेस्टएड** क्लासरूम असेस्मन्ट स्कोरिंग सिस्टम (CLASS ®) मूल्यांकन डाटा को प्रविष्ट करता है और उसके पास CLASS टिप्पणियों के नमूने लेने और कार्य-योजना के उद्देश्य से निर्दिष्ट की गई साइटों के संपर्क, स्थान, कक्षा और कर्मचारियों की जानकारी होती है।
d. **अल्मेडा काउंटी ऑफिस ऑफ एजुकेशन** (ACOE) सभी CSPP एजेंसी साइटों के लिए QC सेवाओं को लागू करने के लिए First 5 अल्मेडा काउंटी के साथ साझेदारी करता है। ACOE के पास प्रत्येक CSPP एजेंसी साइट की रेटिंग, मूल्यांकन, स्टाफिंग, गुणवत्ता सुधार योजनाओं और QC कर्मचारियों (जैसे कोच) के साथ भाग ली गई गतिविधियों तथा Hubbe में रेटिंग की सूचना होती है।

## B. अनुपालन आवश्यकताएं

First 5 अल्मेडा काउंटी Hubbe की गोपनीयता नीति का पालन और उपयोग की शर्तों का अनुपालन निम्नलिखित आवश्यकताओं के साथ करती है:

a. **HIPAA -** स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए, 1996 के हेल्थ इन्श्योरेन्स पोर्टेबिलिटी एण्ड अकाउंटेबिलिटी ऐक्ट (HIPAA), पब्लिक लॉ 104-191 में प्रशासनिक सरलीकरण प्रावधान शामिल थे। इनके अंतर्गत HHS को इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य देखभाल लेनदेन और कोड सेट करने, अद्वितीय स्वास्थ्य पहचानकर्ता और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय मानकों को अपनाना आवश्यक था।

b. **FERPA -** फॅमिली एजुकेशन राइट्स एण्ड प्राइवेसी ऐक्ट (FERPA) 1974 में अधिनियमित किया गया एक संघीय कानून है जो छात्र शिक्षा रिकॉर्ड की गोपनीयता की रक्षा करता है। FERPA किसी भी सार्वजनिक या निजी प्राथमिक, माध्यमिक या उच्चतर -माध्यमिक विद्यालय पर लागू होता है। यह किसी भी राज्य या स्थानीय शिक्षा एजेंसी पर भी लागू होता है जो अमेरिका के शिक्षा विभाग के लागू कार्यक्रम के अंतर्गत धन प्राप्त करता है।

c. **CIS IG1 -** CIS कंट्रोल्स v8 और v8.1 इम्प्लिमेन्टेशन ग्रुप 1 (IG1) को अनिवार्य साइबर स्वास्थ्य के रूप में परिभाषित करते हैं और यह सभी उद्यमों के लिए सूचना की सुरक्षा के उभरते न्यूनतम मानक का प्रतिनिधित्व करता है। IG1 CIS कंट्रोल्स को प्राप्त करने की एक विधि है और इसमें 56 साइबर रक्षा सुरक्षोपायों का एक मूलभूत सेट शामिल है।

सामूहिक रूप से, ये आवश्यकताएं उन प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करती हैं, जो संरक्षित स्वास्थ्य जानकारी और व्यक्तिगत पहचान बताने वाली जानकारी (PII) के उपयोग, प्रकटीकरण या अनुरोध को वांछित प्रयोजन के लिए न्यूनतम आवश्यक तक सीमित करती हैं। Hubbe के उपयोग और Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तों से संबंधित First 5 अल्मेडा काउंटी विवरण को साइन-इन स्क्रीनों या उपयुक्त स्थान पर लिंक के माध्यम से Hubbe एप्लिकेशनों के सभी उपयोगकर्ताओं को सुलभ कराया जाएगा।

## C. Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तें

### 1. पहुँच

Hubbe साइट तक पहुंच को अकाउंट पासवर्ड नियंत्रणों के साथ संयोजन में, प्रयुक्त अनुमति सूची (अलाउलिस्ट) और ब्लॉकलिस्ट योजना द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इस प्रणाली की विशेषताएं:

- केवल उन्हीं उपयोगकर्त्ताओं, जो IP अनुमति सूची में होते हैं, की Hubbe में पूरी पहुँच होती है।
- अधिकृत अकाउंट क्रेडेंशियल्स (अकाउंट और पासवडी) वाले उपयोगकर्ता जो गैर-अनुमति सूची आईपी के माध्यम से Hubbe तक पहुंचते हैं, Hubbe में उनकी आंशिक पहुंच हो सकती है। व्यक्तिगत रूप से पहचान बताने वाली जानकारी (PII या PID) जैसे छात्र का नाम, पता या जन्म तिथि तारक चिन्हों द्वारा ढके रहते हैं।
- सामान्यतः ज्ञात इंटरनेट परेशानी क्षेत्रों के IP अवरुद्ध हैं और Hubbe तक उनकी कोई पहुंच नहीं है।
- मजबूत पासवर्ड आवश्यक हैं और बाध्यकारी हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक पहुँच SSL/HTTPS का उपयोग करते हुए FIPS 140-2 अनुरूप एन्क्रिप्शन के माध्यम से है।
- सभी उपयोगकर्ताओं के लिए कार्य और संगठन-आधारित प्रतिबंध हैं।

### 2. सूचना तक पहुँच और सुधार

केवल एक अधिकृत शिक्षक Hubbe साइट के माध्यम से किसी छात्र के रिकॉर्ड पर डाटा दर्ज कर सकता है। एक अधिकृत शिक्षक Hubbe साइट पर छात्र रिकॉर्ड की समीक्षा कर सकता है, छात्र रिकॉर्ड में परिवर्तन कर सकता है, उपलब्ध मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा कर सकता है और अन्यथा उस छात्र के लिए डाटा पर नजर रख सकता है। एक शिक्षक First 5 अल्मेडा काउंटी से संपर्क कर सकता है, यदि शिक्षक का मानना है कि किसी छात्र के रिकॉर्ड के संबंध में कोई समस्या है या Hubbe साइट के माध्यम से जानकारी तक पहुंचने या उसे सही करने में उसके समक्ष समस्या आ रही है।

### 3. सूचना का उपयोग और प्रकटन

नीचे स्पष्ट किए गए सीमित अपवादों को छोड़कर, Hubbe, Hubbe साइट के माध्यम से या उसके संबंध में एकत्र किए गए, उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, छात्रों के नाम या अन्य व्यक्तिगत रूप से पहचान बताने वाली

जानकारी को, तीसरे पक्ष के साथ साझा नहीं करेगा, या खुलासा नहीं करेगा। तथापि, Hubbe व्यक्तिगत रूप से पहचान बताने वाली जानकारी का उपयोग या खुलासा कर सकता है:

- यदि स्थानीय रूप से वित्त पोषित और/या QRIS कार्यक्रमों या उपयोगकर्ता या छात्र के स्कूल या स्कूल जिले के लिए First 5 अल्मेडा काउंटी द्वारा अनुरोध किया जाता है या आवश्यक होता है।
- सम्मन, अदालत के आदेश या कानूनी प्रक्रिया के जवाब में, कानून द्वारा अनुमत या आवश्यक सीमा तक।
- लागू कानूनों से संगत, छात्र या उपयोगकर्ता सुरक्षा, या अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा की रक्षा करने के लिए।
- कानून द्वारा यथा अपेक्षित।
- वित्त पोषक से लिखित अनुमोदन के अध्यधीन, Hubbe की कुछ या सभी परिसंपत्तियों की बिक्री, संयुक्त उद्यम या हस्तांतरण के संबंध में।
- QRIS कार्यक्रम के लिए सेवाएं प्रदान करने वाली संबद्ध कंपनियों और ठेकेदारों के लिए, जो ऐसी जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए उपयुक्त व्यावसायिक रूप से उचित कदम उठाने के लिए बाध्य हैं और इस गोपनीयता नीति में निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए इसका एकमात्र उपयोग करते हैं।
- इस वेबसाइट के माध्यम से एकत्र की गई गैर-व्यक्तिगत पहचान बताने वाली समग्र जानकारी का उपयोग गुणवत्ता आश्वासन और अनुसंधान और विकास के लिए किया जा सकता है और First 5 अल्मेडा काउंटी से लिखित अनुमोदन प्राप्त होने पर गैर-व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य रूप में तीसरे पक्ष को खुलासा किया जा सकता है।

**4. सुरक्षा और गोपनीयता**

इस गोपनीयता नीति और संविदात्मक दायित्वों के अन्य प्रावधानों के अध्यधीन, Hubbe साइट के माध्यम से एकत्र और प्रबंधित सभी व्यक्तिगत जानकारी और छात्र रिकॉर्ड की गोपनीयता बनाए रखने के लिए Hubbe व्यावसायिक रूप से उचित कदम उठाएगा।

उदाहरण के लिए, Hubbe साइट वर्तमान में उपयोगकर्ता अकाउंट और पासवर्ड जानकारी की सुरक्षा के लिए उद्योग-मानक SSL-एन्क्रिप्शन का उपयोग करती है और अनधिकृत ब्रेक-इन को रोकने के लिए फ़ायरवॉल द्वारा संरक्षित, Hubbe सर्वरों के लिए एक सुरक्षित कनेक्शन का उपयोग करती है। प्रशासनिक प्रणाली और प्रमाणीकरण तंत्र, HTTP के माध्यम से प्रेषित डाटा के एसएसएल एन्क्रिप्शन के उपयोग के माध्यम से सुरक्षित हैं। जैसे जैसे, अन्य सुरक्षा पद्धतियां व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हो जाती हैं, Hubbe अपनी वर्तमान सुरक्षा प्रणालियों की प्रक्रियाओं को बदल सकती है या इन प्रणालियों को अन्य सुरक्षा प्रणालियों या प्रक्रियाओं के साथ प्रतिस्थापित कर सकती है।

*दुर्भाग्य से, इंटरनेट पर किसी भी डाटा ट्रांसमिशन के पूरी तरह से सुरक्षित होने की गारंटी नहीं है। इंटरनेट के अंतर्निहित संचालन और संरचना को देखते हुए, सभी ट्रांसमिशन आप अपनी जिम्मेदारी पर करते हैं।*

**5.** उपयोगकर्त्ताओं द्वारा ली जाने वाली सावधानियाँ

छात्र के व्यक्तिगत डाटा और छात्र मूल्यांकन डाटा की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए, उपयोगकर्ता जानकारी और Hubbe साइट तक पहुंच, पासवर्ड से सुरक्षित है। शिक्षकों, और अन्य उपयोगकर्ताओं से आग्रह किया जाता है कि वे सभी उपयोगकर्ता जानकारी और पासवर्ड को गोपनीय रखें। यदि इस जानकारी के भंडारण की आवश्यकता है, तो यह अनुशंसा की जाती है कि इसे सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। डाटा की सुरक्षा के लिए, Hubbe साइट को छोड़ते समय, उपयोगकर्ताओं को हमेशा लॉगऑफ करना चाहिए और किसी के साथ उपयोगकर्ता पहचान या पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए।

**6. कुकीज़**

इंटरनेट से जुड़े वेब अनुप्रयोगों के लिए कुकीज़ का उपयोग किया जाना एक सामान्य अभ्यास है। कुकीज़ छोटी टेक्स्ट फ़ाइलें होती हैं जिन्हें वेबसाइट आपके कंप्यूटर के ब्राउज़र में स्थानांतरित करती है। कुकीज़ वेबसाइट को गैर-व्यक्तिगत पहचान बताने वाली जानकारी प्रदान करेगी, लेकिन आपके कंप्यूटर, ब्राउज़र और इंटरनेट विनिर्देशों की पहचान करती है। Hubbe साइट ट्रैफ़िक पैटर्न को मापने, विषयवस्तु को वैयक्तिकृत करने, प्रयोज्यता में सुधार करने और सुरक्षा को नियंत्रित करने के लिए कुकीज़ का उपयोग करती है।

**7. IP पते**

IP पता एक नंबर है जो आपके इंटरनेट सेवा प्रदाता द्वारा स्वचालित रूप से आपके कंप्यूटर को सौंपा गया है। Hubbe साइट IP पते, संबंधित URL, डोमेन प्रकार, साइट तक पहुंचने के लिए उपयोग किए जाने वाले ब्राउज़र प्रकार, देश, राज्य और टेलीफोन क्षेत्र कोड जहां उपयोगकर्ताओं के इंटरनेट सेवा प्रदाता के सर्वर स्थित हैं, Hubbe साइट के पृष्ठ जो उपयोगकर्ताओं ने इस साइट पर देखे और साइट पर प्रविष्ट किए गए किसी भी खोज शब्द से संबंधित जानकारी संग्रह कर सकता है। IP पते का संग्रह आम तौर पर सिस्टम प्रशासन उद्देश्यों के लिए, साइट पर गतिविधि के स्तर की निगरानी करने और सुरक्षा तथा अभिगम नियंत्रण कारणों हेतु किया जाता है।

**8. अन्य साइटों के लिंक**

Hubbe साइट में इंटरनेट पर QRIS कार्यक्रम से संबंधित अन्य वेबसाइटों के लिंक हो सकते हैं, जिसमें फंडर साइटें या अन्य Hubbe वेबसाइटें शामिल हो सकती हैं। उन वेबसाइटों की सूचना पद्धतियों को इस गोपनीयता विवरण या Hubbe साइट पर लागू किन्हीं अन्य नीतियों या शर्तों द्वारा कवर नहीं किया गया है। आपको उस साइट पर जानकारी देने, या अन्यथा साइट का उपयोग करने से पहले, उन अन्य वेबसाइटों के नियमों और नीतियों को पढ़ना चाहिए।

**9. साइट और विषयवस्तु का स्वामित्व**

इस साइट का स्वामित्व और संचालन Hubbe के पास है। इसकी विषयवस्तु Hubbe और/या उसके लाइसेंसकर्ताओं और/या फंडर के स्वामित्व वाले कॉपीराइट द्वारा संरक्षित है। कॉपीराइट © 2012-2023 Hubbe इंक. या इसके सहबद्ध। सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रभावी तिथि: 5 अप्रैल, 2013।

**10. गोपनीयता नीति में परिवर्तन**

Hubbe साइट के लिए यह गोपनीयता नीति समय-समय पर अद्यतन पोस्टिंग के माध्यम से संशोधित की जा सकती है। संशोधन पोस्ट करने की तिथि से प्रभावी होते हैं और इस तरह के संशोधनों की पोस्टिंग के बाद, आपके द्वारा Hubbe साइट का निरंतर उपयोग किया जाना, ऐसे संशोधनों के संबंध में आपकी स्वीकृति को सूचित करेगा।

**Hubbe के उपयोग संबंधी यह First 5 अल्मेडा काउंटी विवरण को अंतिम बार 24 फरवरी, 2025 को अद्यतन किया गया था।**

First 5 अल्मेडा काउंटी की वार्षिक CDF डाटा संग्रह प्रक्रिया के बाद, Hubbe उपयोगकर्ताओं को, Hubbe के उपयोग और Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तों के संबंध में First 5 अल्मेडा काउंटी के विवरण को वार्षिक आधार पर पढ़ना और स्वीकार करना आवश्यक है।

नीचे "स्वीकार करें" पर क्लिक करके, मैं Hubbe के उपयोग और Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तों के संबंध में First 5 अल्मेडा काउंटी के विवरण के नियमों, शर्तों और आवश्यकताओं से सहमत हूं।

यदि आपके पास Hubbe के उपयोग या Hubbe की गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तों के संबंध में First 5 अल्मेडा काउंटी के विवरण से संबंधित कोई प्रश्न हैं, तो कृपया privacy@first5alameda.org पर First 5 अल्मेडा काउंटी से संपर्क करें।